## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट: सीएम ने दुनिया भर के उद्यमियों को दिया न्योता

# यूपी में दस लाख करोड़ का निवेश लाएंगे: योगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन की जानकारी देते हुए कहा कि इसके जरिये 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों, अपराध और अपराधियों के खिलाफ कड़े रुख से यूपी में उद्योमियों की सुरक्षा का भाव आया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार की पारदर्शी नीतियों से यूपी निवेशकों के लिए पसंदीदा जगह के रूप में उभरा है। इससे कारोबार करना सुगम हुआ है। उन्होंने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 18 देशों में प्रचार-प्रसार और बैठकें आयोजित करने की भी घोषणा की।

**पोर्टल और प्रतीक चिह्न जारी:** मुख्यमंत्री ने निवेशकों के लिए चीजें सुलभ बनाने को लेकर निवेश सारथी पोर्टल शुरू किया। शिखर सम्मेलन का प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

**नए भारत का नया यूपी:** लखनऊ में अगले साल 10 से 12 फरवरी को होने वाले उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2023 की तैयारियों की जानकारी देते हुए योगी ने कहा कि यह सम्मेलन आर्थिक विकास में सहयोग के लिए औद्योगिक दुनिया को एकीकृत मंच मुहैया कराएगा। योगी ने कहा कि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए यूपी ग्रोथ इंजन के रूप में काम करेगा। योगी ने कहा कि ये नए भारत का नया यूपी है। राज्य ने भी अगले पांच साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए करीब 25 नीतियां बनाकर सुधारात्मक कदम उठाए हैं। सरकार कई औद्योगिक परियोजनाओं पर काम कर रही है। रक्षा औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है।

**चिकित्सा उपकरण पार्क:** सीएम ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास राज्य के पहले चिकित्सा उपकरण पार्क का उद्घाटन किया गया है। इसी तरह यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, खिलौना पार्क, कपड़ा पार्क विकसित किए जा रहे हैं।

निवेशक सम्मेलन में नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, ब्रिटेन और मॉरीशस यूपी के साथ पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता करेंगे। ▶ उद्योग जगत का भरपूर समर्थन P10



नई दिल्ली में मंगलवार को यूपी वैश्विक निवेशक सम्मेलन की जानकारी देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। सम्मेलन लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होगा।

> अपराध-अपराधियों पर कड़े रुख से उद्यमियों के बीच सुरक्षा का भाव आया है। साथ ही पारदर्शी नीतियों के कारण यूपी निवेशकों के लिए पसंदीदा जगह के रूप में उभरा है। इससे कारोबार करना सुगम हुआ है। -**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

**16000** किलोमीटर का सबसे लंबा रेलवे नेटवर्क उत्तर प्रदेश में

**5000** हेक्टेयर में नोएडा में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

### क्यों अनुकूल है माहौल

- एक्सप्रेसवे विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता है
- उत्तर प्रदेश पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य
- दादरी में एक मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब विकसित होगा
- 26% मोबाइल निर्माता उत्तर प्रदेश में क्रियाशील हैं
- स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम में अब तक 7,600 स्टार्टअप पंजीकृत